

## एक नजर में

### हिंगोरिया फाटक क्षेत्र के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, सल्फास सेवन के बाद उपचार के दौरान तोड़ा दम

**नीमच।** शहर के समीप हिंगोरिया फाटक के पीछे निवासरत 25 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। युवक ने कथित रूप से सल्फास का सेवन कर लिया था, जिसके बाद उपचार के लिए ले जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गई। मृतक की पहचान विशाल पिता गुड्डूलाल भील के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विशाल मंगलवार सुबह घर से नौकरी पर जाने की बात कहकर निकला था। वह जावद क्षेत्र के मोरका स्थित एक पॉलिटेक्निक कॉलेज में कार्यरत था, लेकिन वहां नहीं पहुंचा। दोपहर करीब 3 .30 बजे विशाल ने अपने भाई राकेश को फोन कर बताया कि उसने मल्हारगढ़ से आगे भैंसाखेड़ा गांव के जंगल क्षेत्र में जहरीला पदार्थ सेवन कर लिया है। जानकारी मिलते ही परिजन तत्काल बताए गए स्थान पर पहुंचे और गंभीर अवस्था में विशाल को मोटरसाइकिल से नीमच जिला अस्पताल लेकर आए। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे उदयपुर रेफर कर दिया। परिजन युवक को उपचार के लिए उदयपुर ले जा रहे थे, लेकिन रात करीब 11 बजे डबोक और उदयपुर के बीच रास्ते में ही विशाल ने दम तोड़ दिया। बुधवार सुबह नीमच जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम किया गया, इस दौरान परिजन और परिचित मौजूद रहे। फिलहाल युवक द्वारा यह कदम उठाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान और अन्य तथ्यों के आधार पर आत्महत्या के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

### अटल जयंती पर नीमच पहुंचे भगवान परमार, अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन को किया संबोधित

**नीमच।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार बुधवार को नीमच पहुंचे। यहां उन्होंने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की तथा अनुसूचित जाति मोर्चा के सम्मेलन को संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत में भगवान परमार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद मोर्चा कार्यकर्ता रैली के रूप में भाजपा कार्यालय तपोभूमि पहुंचे। भाजपा कार्यालय में अटल स्मृति वर्ष के अंतर्गत पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन एवं व्यक्तित्व पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ एवं अवलोकन प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हेमंत हरित, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश गिरजे, प्रदेश मंत्री भगवती प्रसाद शिंदे, प्रदेश कार्यालय मंत्री गोखुल खंडाले, जिला महामंत्री धन सिंह कैथवास तथा भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष रवि गोयल मंचासीन रहे। कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### म.प्र .पेंशनर समाज का सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित



**मनासा।** मध्य प्रदेश पेंशनर समाज तहसील शाखा मनासा का तहसील स्तरीय 13वां वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह गुरुवार को प्रातः 11:00 बजे से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनासा के सभागृह में आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष देवीलाल शर्मा, वरिष्ठ संरक्षक डॉ पूरन सहगल, सचिव हरिनारायण नंदवाना, कोषाध्यक्ष कैलाश चंद्र कुमावत, उपाध्यक्ष बापू लाल रावत, सहसचिव मनोहर लाल मकवाना, महिला सचिव श्रीमती शांताओझा ने बताया है कि प्रतिवर्षानुसार उक्त सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाकर संगठन के आजीवन सदस्यों जिन्होंने 75 बसंत पूर्ण कर लिए हैं उनका शाल एवं श्रीफल द्वारा सम्मान किया जावेगा।

### कलेक्टोरेट में दिलाई गई सुशासन दिवस की शपथ

**नीमच।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए, उनके जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिवस पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया गया। 24 दिसम्बर 2025 को कलेक्टोरेट नीमच में प्रात:11 बजे सुशासन की शपथ डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन ने दिलाई। इस अवसर पर कलेक्टोरेट, राजस्व, तहसील, जनसम्पर्क, उद्योग, श्रम, उद्यानिकी, अंत्यावसायी, रोजगार, आबकारी, आदिम जाति कल्याण, भू-अभिलेख, कोषालय, शिक्षा, कृषि, नगर ग्राम निवेश, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने सुशासन दिवस की सामुहिक शपथ ग्रहण की।

### हिंदू विद्यार्थियों को सांता क्लॉस बनाने वाले स्कूलों पर प्रशासन करें करवाई

**नीमच।** 25 दिसंबर क्रिसमस के दिन देखा जाता है कि कॉन्वेंट और अन्य अंग्रेजी माध्यम के स्कूल क्रिसमस बनाने के लिए हिंदू बच्चों को सांता क्लॉस बनाते हैं। इस विषय को विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री अनुपाल सिंह झाला ने गंभीरता से लेते हुए प्रथम दृष्टया प्रशासन से अपील की है कि वह हिंदू बच्चों को सांता क्लॉस बनाने वाले स्कूलों पर कार्रवाई करें, अन्यथा बजरंग दल अपने हिसाब से फिर ऐसे स्कूल प्रबंधन को सबक सिखाएगा । झाला ने कहा कि जिले भर में जो भी कॉन्वेंट विद्यालय चल रहे हैं, उन विद्यालयों में पढ़ने वाले 90 से 95 फीसदी हिंदू बच्चे पढ़ते हैं। और हमको ध्यान में आता है कि कॉन्वेंट विद्यालयों में किसी भी प्रकार के हिंदू त्यौहारों को मनाया नहीं जाता है। परंतु 90% हिंदू बच्चे पढ़ते हैं और 25 दिसंबर को विद्यार्थियों को सांता क्लॉज़ बनाना और उन बच्चों पर ईसाई मिशनरियों द्वारा या ईसाईयत थोपी जा रही है। तो सीधे-सीधे से हम उनको अवगत कराना चाह रहे हैं कि अगर किसी भी परिवार ने, किसी भी पालक ने, बच्चों के अभिभावकों ने, अगर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल को कोई भी शिकायत की है कि हमारे बच्चे को अगर ज़बरदस्ती सांता क्लॉज़ बनाया गया या ईसाईयत थोपी जा रही है, तो इस संबंध में बजरंग दल प्रशासन से आह्वान करता है कि वह तुरंत एक्शन ले। और फिर भी अगर कहीं कमी दिखती है, तो बजरंग दल इस काम को अपने हाथों में लेगा। और हाथों में ही नहीं लेगा, अपितु उन लोगों को बहुत ठीक प्रकार से ठीक करेगा जो इस प्रकार के धर्म को किसी के ऊपर थोपते हैं। जो हिंदू समाज है, अपना टीका लगाता है, अपनी शिखा रखता है, अपने भगवान को मानता है, आराध्य की पूजा करता है।

### दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के तहत घर-घर जाकर संवाद कर रहे पशुपालक मित्र

**नीमच।** नीमच वर्तमान में मध्यप्रदेश की दुग्ध उत्पादन में राष्ट्रीय भागीदारी नो प्रतिशत है। शासन की मंशानुसार आगामी पांच वर्षों में इसे बीस प्रतिशत तक ले जाना हैं। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु दो से नो अक्टूबर के मध्य दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के प्रथम चरण में दस से अधिक पशुधन रखने वाले जिले के 8500 पशुपालकों को गृहभेंट देकर, उन से पशु स्वास्थ्य, पशु पोषण एवं पशु प्रजनन पर संवाद किया गया और इसके माध्यम से लाभ अर्जित करने के संबंध में बताया गया। शासन की मंशानुसार जिले में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में 17 दिसंबर से नीमच जिले में दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान का दूसरा चरण प्रारम्भ किया गया है जो 30 दिसंबर तक चलेगा। अभियान के दौरान जिले के 14500 से अधिक पशुपालक जिनके पास पांच से नो तक पशु है उनको पशुपालन विभाग के उपसंचालक, पशुचिकित्सक, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी, गो सेवक मैत्री एवं दुग्ध संघ के कार्यकर्ता गृहभेंट देकर उनसे वर्तमान में अपनायी जा रही पशुपालन संबंधि पद्धतियां और उसमें क्या आवश्यक सुधार की आवश्यकता है, ताकि पशुपालन से अधिक से अधिक लाभ अर्जित किया जा सके। इन विषयो पर संवाद कर रहे है।

# नीमच के बुजुर्ग दंपत्ति को ठगों ने किया डिजिटल अरेस्ट

**▸ नीमच पुलिस ने 7 मिनट में पहुंचकर रोकी 60 लाख की ठगी**

**नीमच।** नीमच जिले में सायबर अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में सायबर सेल नीमच ने बड़ी सफलता हासिल की है। मनी लॉन्ड्रिंग केस में नाम आने का डर दिखाकर डिजिटल अरेस्ट किए गए बुजुर्ग दंपत्ति को सायबर सेल ने समय रहते सुरक्षित निकालते हुए लगभग 60 लाख रुपये की बड़ी ठगी से बचा लिया। सायबर ठगों द्वारा बीते करीब 15 दिनों से बुजुर्ग दंपत्ति को वीडियो कॉल और व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से डराया जा रहा था। खुद को दिल्ली पुलिस कमिश्नर बताकर ठगों ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में नाम आने का झांसा दिया और परिवार से बात करने पर बच्चों को जेल भेजने की धमकी दी। डर के माहौल में बुजुर्ग दंपत्ति से कई एफडी तुड़वाकर राशि अन्य खातों में ट्रांसफर कराने की साजिश रची गई। दिनांक 22 दिसंबर 2025 को क्राईम ब्रांच इंदौर के उप निरीक्षक शिवम ठक्कर से सूचना मिलते ही सायबर सेल नीमच प्रभारी प्रदीप शिंदे ने पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल को अवगत कराया। एसपी के निर्देश पर सायबर सेल टीम मात्र 7 मिनट में विकास नगर स्थित बुजुर्ग दंपत्ति के घर पहुंची। टीम ने मनोवैज्ञानिक तरीके से काउंसलिंग करते हुए दंपत्ति को समझाया कि डिजिटल अरेस्ट नाम की कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं होती और पुलिस कभी भी वीडियो कॉल के जरिए इस तरह की कार्रवाई नहीं करती। लगभग दो घंटे की समझाइश के बाद बुजुर्ग दंपत्ति ने पूरी घटना बताई, जिसके बाद उन्हें सायबर फ्रॉड के तरीकों और बचाव के उपायों



की जानकारी दी गई। इस दौरान सायबर ठग लगातार व्हाट्सएप कॉल और वीडियो कॉल कर दबाव बनाते रहे, लेकिन सायबर सेल की सक्रियता से पूरी ठगी को समय रहते रोक लिया गया और 60 लाख रुपये सुरक्षित बचा लिए गए। पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने बुजुर्ग दंपत्ति से मुलाकात कर उन्हें बताया कि वर्तमान में सायबर ठग ईडी, सीबीआई, नारकोटिक्स विभाग, पुलिस या अन्य एजेंसियों का अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट, मनी लॉन्ड्रिंग, ड्रग्स, पार्सल या टैक्स केस का भय दिखाकर ठगी कर रहे हैं। उन्होंने आमजन से सतर्क रहने और ऐसे मामलों की तुरंत सूचना पुलिस या सायबर सेल को देने की अपील की। सराहनीय भूमिका

इस सराहनीय कार्रवाई में सायबर सेल प्रभारी प्रदीप शिंदे, प्रधान आरक्षक आदित्य गौड़, आरक्षक लखन प्रताप सिंह, आरक्षक कुलदीप सिंह, आरक्षक सोनेन्द्र राठौर, आरक्षक राहुल सोलंकी तथा क्राईम ब्रांच इंदौर के उप निरीक्षक शिवम ठक्कर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**पुलिस की अपील**

नीमच पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी अनजान नंबर से आने वाली व्हाट्सएप कॉल न उठाएं, अपनी बैंक या निजी जानकारी साझा न करें। डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई कानून नहीं है। इस तरह का कॉल आने पर तुरंत परिजनों से संपर्क करें और नजदीकी पुलिस थाना, कंट्रोल रूम या सायबर सेल को सूचना दें।



## नीमच मंडी व्यापारी संघ चुनाव : अध्यक्ष पद पर सीधा मुकाबला तय

**▸ गोपाल गर्ग (जीजी) बनाम राकेश भारद्वाज, तीन दावेदारों ने नाम वापस लिए**

**नीमच।** मंडी व्यापारी संघ के चुनाव में बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। अध्यक्ष पद को लेकर अब सीधा मुकाबला तय हो गया है। गोपाल गर्ग (जीजी) और राकेश भारद्वाज आमने-सामने होंगे। नामांकन वापसी के आखिरी दिन राजेंद्र गर्ग, कमल गर्ग और सत्यनारायण शर्मा ने अपने-अपने नामांकन फार्म वापस ले लिए, जिसके बाद अध्यक्ष पद की तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है।

तीन प्रत्याशियों के हटने से चुनावी समीकरण बदल गए हैं और अब सारा फोकस जीजी और भारद्वाज के बीच होने वाली टक्कर पर टिक गया है। दोनों ही प्रत्याशी मंडी में मजबूत पकड़ रखते हैं, ऐसे में यह मुकाबला बेहद दिलचस्प और कड़ा माना जा रहा है।

मंडी परिसर में इस घटनाक्रम के बाद चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। व्यापारी वर्ग दो खेमों में बंटता नजर आ रहा है और आने वाले दिनों में प्रचार और समर्थन जुटाने की राजनीति और गर्म होने की संभावना है। नीमच मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष पद का चुनाव अब हाई-वोल्टेज मुकाबले में तब्दील हो गया है।

## ग्राम बैंसला से एक नाबालिग को बाल श्रम से मुक्त कराया

**नीमच।** मध्यप्रदेश एवं पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक नीमच अंकित जायसवाल के द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को फरार अपराधियों को पकडने एवं अपराध की रोकथाम करने के निर्देश दिये गये है। जिसके पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच नवल सिंह सिसोदिया एवं प्रभारी एसडीओपी मनासा निकिता सिंह के मार्गदर्शन तथा विजय सागरिया, थाना प्रभारी थाना रामपुरा के नेतृत्व मे टीम द्वारा 23.12.25 को होटल व लाज ढाबा चेकिंग के दौरान होटल पटेल श्री ग्राम बैंसला से एक नाबालिग को बाल श्रम से मुक्त कराया गया तथा उक्त नाबालिक को उसके परिजनो के सुपुर्द किया कर उक्त होटल संचालक कारु पिता भेरुलाल मीणा निवासी बैंसला के विरुद्ध किशोर न्याय (बच्चो की देखभाल व संरक्षण अधिनियम 2015) की धारा 79 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

## जिला अस्पताल में पार्किंग ड्यूटी पर तैनात गार्ड से टीबी वार्ड की महिला कर्मचारी व पति की अभद्रता

**▸ कवरेज कर रहे मीडिया कर्मी से मोबाइल छीनने का प्रयास**



**नीमच।** जिला चिकित्सालय में इन दिनों पार्किंग व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ी हुई नजर आ रही है। साइकिल स्टैंड का ठेका निरस्त होने और लंबे समय से नया टेंडर नहीं होने के कारण अस्पताल परिसर में अव्यवस्था का माहौल बन गया है। हालात यह हैं कि मरीजों, उनके परिजनों के साथ-साथ अस्पताल स्टाफ द्वारा भी वाहन मनमाने ढंग से परिसर और वार्डों के मुख्य द्वार पर खड़े कर दिए जा रहे हैं। इस अव्यवस्थित पार्किंग के चलते मरीजों को वार्डों तक पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं एंबुलेंस के आवागमन में भी गंभीर बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। आपात स्थिति में यह अव्यवस्था किसी बड़े हादसे का कारण भी बन सकती है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अस्पताल प्रशासन ने सुरक्षा गार्डों के माध्यम से वाहनों के प्रवेश और पार्किंग को व्यवस्थित करने का प्रयास किया है, लेकिन सहयोग के अभाव में यह प्रयास भी कारगर साबित नहीं हो पा रहा है। बुधवार को अस्पताल परिसर में उस समय विवाद की स्थिति बन गई, जब टीबी वार्ड में पदस्थ एक महिला कर्मचारी अपने पति के साथ वाहन लेकर भीतर प्रवेश करना चाह रही थी। सुरक्षा गार्ड द्वारा नियमों का हवाला देते हुए रोके जाने पर महिला कर्मचारी और उसके पति ने गार्ड के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और बदतमीजी की। घटना यहीं तक सीमित नहीं रही। मौके पर कवरेज कर रहे एक मीडिया कर्मी के साथ भी महिला कर्मचारी द्वारा दुर्व्यवहार किया गया और उसका मोबाइल फोन छीनने का प्रयास किया गया, जिससे मामला और गंभीर हो गया। गौर करने वाली बात यह है कि जब अस्पताल के अपने कर्मचारी ही नियमों की अनदेखी करते हुए व्यवस्थाओं को बिगाड़ने में लगे हों और ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्डों से अभद्रता करें, तो आम नागरिकों से अनुशासन और सहयोग की उम्मीद करना कठिन हो जाता है। अब सवाल यह है कि अस्पताल प्रशासन इस तरह की घटनाओं पर क्या सख्त कदम उठाएगा और कब तक जिला चिकित्सालय में सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था बहाल की जाएगी, ताकि मरीजों और आमजन को राहत मिल सके।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन

**नीमच। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर दिनांक 24 दिसंबर 2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच एवं जिला आपूर्ति विभाग के सहयोग से एक विशेष उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिषद स्थित खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सभा कक्ष में संपन्न हुआ।**




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सहायता अधिकारी प्रवीण कुमार ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के महत्वपूर्ण प्रावधानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अधिनियम के अंतर्गत उपभोक्ताओं को वस्तुओं एवं सेवाओं की गुणवत्ता, मात्रा, शुद्धता, मानक एवं मूल्य के संबंध में अधिकार प्राप्त हैं। अधिनियम में ई-कॉमर्स लेन-देन, भ्रामक विज्ञापन, अनुचित व्यापार व्यवहार, दोषपूर्ण वस्तुएँ तथा सेवा में कमी जैसे मामलों के लिए प्रभावी संरक्षण प्रदान किया गया है।

उन्होंने यह भी बताया कि उपभोक्ता अधिनियम, 2019 के अंतर्गत उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोगों का गठन जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है, जहाँ उपभोक्ता अपने प्रकरणों का सरल, त्वरित एवं कम खर्च में निराकरण प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही ई-दाखिल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध है। अधिनियम में दोषी दुकानदारों, सेवा प्रदाताओं एवं भ्रामक विज्ञापन करने वालों के विरुद्ध दंड एवं क्षतिपूर्ति का भी प्रावधान किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित दुकानदारों एवं सेवा प्रदाताओं को वस्तुओं पर एमआरपी अंकित करने, मानक वजन एवं माप का पालन करने, बिल अनिवार्य रूप से प्रदान करने तथा उपभोक्ताओं के साथ निष्पक्ष व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने एवं किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में जिला आपूर्ति अधिकारी आर.एन. दिवाकर, नागरिक आपूर्ति निगम से के.एल. परमार, नापतोल निरीक्षक ओ.एस. शक्तावत, जे.एस.ओ. जितेंद्र नागर एवं विनोद नागौर सहित अन्य अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने केलूखेड़ा में अ .जा .वर्ग की सोहन बाई को दिलाया भू-खण्ड का कब्जा

**▸ जमुनिया खुर्द में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं**

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में सुशासन सप्ताह के तहत नीमच जिले में ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याओं के मौके पर ही समाधान के लिए प्रशासन गांव की ओर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तीसरे दिन बुधवार को कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने नीमच विकासखण्ड के गांव जमुनिया खुर्द में आयोजित विशेष शिविर का निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत गांव केलूखेडा का भ्रमण कर वहां आवेदिका सोहन बाई को रजिस्ट्री के माध्यम से खरीदे गये भू-खण्ड का मौके पर स्वयं उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति में कब्जा दिलवाया। कलेक्टर ने अपने समक्ष सोहन बाई के भूखण्ड का राजस्व टीम से सीमांकन करवा कर, सीमा चिन्ह के पत्थर लगवाकर सोहन बाई को कब्जा दिलाया।

सोहन बाई अपने भूखण्ड का मौके पर सीमांकन होकर कब्जा पाकर बहुत खुश है। वह कलेक्टर एवं सम्पूर्ण राजस्व टीम को धन्यवाद दे रही है। सोहन बाई पिछले 10 वर्षो से खरीदे गये इस भूखण्ड के कब्जे को लेकर परेशान थी। ऐसे में प्रशासन गांव की ओर अभियान की वजह से आज उसे अपने भूखण्ड का वास्तविक कब्जा मिल पाया है।

कलेक्टर ने ग्राम जमुनिया खुर्द में विशेष राजस्व शिविर में ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्रामीण बालुराम ने व्यक्तिगत कूप रिचार्ज ईकाई की राशि का भुगतान दिलाने की मांग पर कलेक्टर ने सचिव को राशि का भुगतान करवाकर कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।



## मनासा व्यापारी को हिरासत में लेने पर विरोध व्यापारियों का प्रदर्शन

**नीमच।** जिले में मंगलवार रात राजस्थान के झालावाड़ की पगारिया थाना पुलिस की ओर से अफीम तस्करी के संदेह में मनासा के एक अनाज व्यापारी को हिरासत में लेने पर जमकर विरोध हुआ। दरअसल, दो दिन पहले पगारिया पुलिस ने डग रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक लोडिंग ऑटो से मक्का के कट्टों में छिपाकर रखी गई 1 किलो 800 ग्राम अफीम जब्त की थी। मामले में पकड़े गए टेम्पो चालक यूनुस कुजड़ा ने पूछताछ में बताया कि उसने यह मक्का मनासा के अनाज व्यापारी प्रफुल्ल पोरवाल से खरीदा था। इसी बयान के आधार पर पगारिया पुलिस मंगलवार को व्यापारी पोरवाल को पूछताछ के लिए मनासा थाने लेकर पहुंची। इसकी खबर फैलते ही स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा।

**स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन**- देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोगों ने मनासा थाने का घेराव कर दिया। उन्होंने पुलिस पर निर्दोष को परेशान करने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। करीब तीन घंटे तक चले इस तनावपूर्ण घटनाक्रम के बीच व्यापारियों ने पुलिस को व्यापारी की दुकान के सीसीटीवी फुटेज सौंपे।

**एक नजर** ▸ **युवा संगम में उमड़ा रोजगार का उत्साह**

## 300 से अधिक युवाओं का पंजीयन, कंपनियों ने खोले नौकरी के द्वार

**नीमच।** टाउन हॉल में रोजगार मेले का सफल आयोजन, 10 कंपनियों ने दिए रोजगार व अप्रेंटिसशिप के अवसर नीमच। जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप से जोड़ने की दिशा में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा आयोजित रोजगार मेला अब युवा संगम के नाम से नई पहचान बना रहा है। इसी क्रम में बुधवार को नीमच शहर के टाउन हॉल में युवा संगम का सफल आयोजन किया गया, जिसमें जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता की।



युवा संगम में कुल 351 बेरोजगार युवाओं एवं विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया। आयोजन के दौरान युवाओं में रोजगार को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। एक ही मंच पर विभिन्न कंपनियों की मौजूदगी ने युवाओं को सीधे रोजगार के अवसरों से जुड़ने का मौका प्रदान किया।

इस अवसर पर जिले एवं जिले के बाहर की लगभग 8 से 10 प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने विभिन्न पदों पर रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराए। रोजगार अधिकारी दिनेश परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग का मुख्य उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। इसी उद्देश्य के तहत प्रत्येक माह युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस बार आयोजित युवा संगम में पंजीयन कराने वाले कई युवाओं को कंपनियों द्वारा मौके पर ही चयनित किया गया। मेले में अडानी विल्मार, एमएस सॉल्वेस, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, विक्रम सीमेंट, पटेल मोटर्स सहित जिले व बाहर की अन्य कंपनियों ने भाग लिया। कुल मिलाकर करीब 10 कंपनियों ने युवाओं के साक्षात्कार लेकर योग्य अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए। जिन युवाओं के पास पूर्व कार्य अनुभव था, उन्हें कंपनियों द्वारा सीधे नियुक्ति दी गई, वहीं अनुभवहीन युवाओं को मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना से जोड़ने की पहल की गई। रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत युवाओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ मानदेय भी दिया जाता है, जिससे वे व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें।